तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया दो दिवसीय...



13 परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक में ऋण की...



## खबर संक्षेप



### चालकों-परिचालकों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

जगदलपुर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बस्तर जिला रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में चालकों-परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय बसाक सीएमएचओ सह सचिव एवं डीसी बंजारे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के निर्देशानुसार किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ गावड़े एवं स्वास्थ्य टीम ने चालकों-परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा का आयोजन 13 मार्च को

जगदलपुर। जिला पंचायत बस्तर के सामान्य सभा की बैठक 13 मार्च को आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी गई के अनुसार यह बैठक दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न होगी।

### बंगीय समाज करेगा शीतला माता की पूजा- अर्चना आज

जगदलपुर। कुम्हारपारा बंगीय समाज में कल शनिवार को शीतला माता की पूजा- अर्चना की जाएगी। समिति की सदस्य कल्पना ने बताया कि हप्तेभर पहले से घर-घर जाकर शीतला माता की पूजा के लिए न्यौता दिया गया। कल पूजा अवसर पर मोहल्ले में किसी के घर में भी आग नहीं जलेगा सब ठंडा और बासी खाना खाएंगे। उन्होंने महिलाओं से बंगीय समाज में उपस्थित होने की गुजारिश की है।

स्पेशल कोर्ट का फैसला : वर्ष 2024 में किया गया था गिरफ्तार

# विस्फोटक के साथ पकड़े गए दो नक्सलियों को 5-5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो वर्ष पूर्व विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किए गए दो नक्सलियों को दंतेवाड़ा जिला स्पेशल कोर्ट ने 5 वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ ही इन्हे पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर दोनों नक्सलियों को 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। नक्सलवाद के खिलाफ

- 5 हजार रूपए अर्थदंड नहीं भरने पर काटनी होगी 6 माह की अतिरिक्त सजा



जंग में बुधवार का दिन काफी अहम रहा जब दंतेवाड़ा जिले की स्पेशल कोर्ट ने दो मिलिशिया सदस्यों को 5 साल की सजा सुनाई है। वर्ष 2024 में विस्फोटक पदार्थों के साथ दोनों नक्सली गिरफ्तार किए गए थे। दोनों को दंतेवाड़ा जिला की विशेष अदालत ने 5 साल के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं जुमार्ना न भरने पर दोनों नक्सलियों को 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष न्यायालय ने दोनों नक्सलियों के खिलाफ एनआईए एक्ट के तहत फैसला सुनाया है। इस मामले में दो साल के बाद फैसला आया है। दोनों नक्सलियों को एसपी गौरव राय व एएसपी रामकुमार बर्मन के निर्देश में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 20 मई 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

#### बरामद हुआ था टिफिन बम डेटोनेटर व बिजली वायर

नक्सल ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों की टीम ने सुकमा निवासी नक्सली हुंगा उर्फ गुट्टम सोड़ी और जोगा कुड़ामी को गिरफ्तार किया था। उनके पास के कई विस्फोटक सामग्री बरामद हुई थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए और पुख्ता केस बनाया, जिसके आधार पर दोनों को सजा मिली है। गिरफ्तार नक्सली हुंगा उर्फ गुट्टम सोड़ी से तीन किलो का टिफिन बम के अलावा 2 डेटोनेटर और बिजली वायर भी जब्त किया गया था जबकि नक्सली जोगा कुड़ामी से 5 बम पटाखे और एक सेल बरामद किया गया था। दोनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## गबन मामले में निलंबित पंचायत सचिव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



जिले के विकासखंड कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत कामाराम में शासकीय राशि के गबन के गंभीर मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत के बाद की गई, जिससे पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कामाराम की आवेदिका उड़के माड़े सहित 19 ग्रामीणों ने पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंटा द्वारा विस्तृत जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि निलंबित पंचायत सचिव मोहम्मद हाफिज खान द्वारा ग्राम पंचायत कामाराम एवं ग्राम पंचायत सूरपनगुड़ा, जनपद पंचायत कोंटा में पदस्थापना के ▶▶| शेष पेज 12 पर

- आरोपी को भेजा गया जेल




किर्सी ह्यवैरिनेन ने ग्रामीणों को दिया मंत्र

## 'धुड़मारास' विश्व पटल पर बनेगा बेस्ट टूरिज्म विलेज का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग और संवाद की भावना सबसे बुनियादी जरूरत होती है और बस्तर के धुड़मारास गाँव में यह भावना उम्मीदों से कहीं बढ़कर देखने को मिली है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की मेंटर और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन ने भ्रमण के अंतिम दिन शुक्रवार को धुड़मारास के ग्रामीणों के साथ अपना बहुमूल्य समय साझा करते हुए जीवन के श्रेष्ठ अनुभवों को महसूस किया। उन्होंने ग्रामीणों के जीवन से सीखने की बात करते हुए विशेष रूप से यहाँ के प्लास्टिक मुक्त जीवन की सराहना की, जो आज पूरे विश्व के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन चुका है। धुड़मारास की यह उपलब्धि ही है कि आज यह गाँव विश्व के उन चुनिंदा 20 गाँवों के नेटवर्क में शामिल हो चुका है, जो अब एक-दूसरे से जुड़कर बेहतर कार्य करने की प्रेरणा ले रहे हैं। सुश्री किर्सी ने जोर देकर कहा कि धुड़मारास पर्यटन के उन सभी वैश्विक मापदंडों को पूरा करता है जो ग्रामीण विकास की अवधारणा को साकार करते हैं। इस संवाद के दौरान ग्रामीणों ने भी अपने भीतर आए बदलावों को साझा करते हुए बताया कि पर्यटन की बारीकियों को समझने से पहले वे अनजाने में ही पेड़-पौधों और वन्य पशुओं को क्षति पहुँचाते थे ▶▶| शेष पेज 12 पर

- परंपरा और पर्यावरण के संगम का मिलेगा लाभ



## वक्फ बोर्ड विवाद : कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने अध्यक्ष को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रमजान को लेकर जारी कथित आदेश के मामले में सरकार ने शर्मसार किया है। बस्तर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रोजवीन दास ने राजीव भवन में प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाते छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज पर गम्भीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा 19 फरवरी को सोशल मीडिया में रमजान माह के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को एक घण्टे पहले कार्यालय छोड़ने की अनुमति शासन द्वारा दिए जाने की बात कही गई थी। यह पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ और सरकार की नीतियों का भी उल्लेख एव बखान किया गया था। हालांकि बाद में उक्त पत्र को सोशल मीडिया से हटा दिया गया। जबकि इसके अगले ही दिन 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन अल्पसंख्यक विभाग के सचिव अनुपम द्विवेदी ने आधिकारिक रूप से स्पष्ट किया कि राज्य शासन ने ऐसा कोई ▶▶| शेष पेज 12 पर

- प्रदेशव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी





## खबर संक्षेप



### स्टेडियम के कमरे में मिली युवक लाश

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फरसगांव नगर के स्टेडियम में स्थित कमरे में शुक्रवार की सुबह एक युवक की लाश मिली। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। कमरे में युवक बुझे हुए आग के राख के किनारे मुँह के बल पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान फरसगांव निवासी दिनेश नेताम पिता लखमु नेताम के रूप में की। घटना की जानकारी परिजनों के दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पहचान कर लिए। जांच पंचनामा की कार्रवाई के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर बारीकी से जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था, जो चखना दुकान में रहकर झाड़ू पोछा का काम करता था, और वह घर नहीं आता था। नगर में स्टेडियम ग्राउंड में स्थित एक कमरे में ही रहता था।

### कलेक्टर ने किया पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज महात्मा गांधी वार्ड स्थित पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के समस्त स्टाफ की बैठक लेकर शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों की प्रगति तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने पीएम श्री योजना के निर्धारित 21 मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तीन दिवस के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था लागू करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। साथ ही पेयजल सुविधा एवं स्वच्छता की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल, संबंधित प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार होगा ब्लैक लिस्ट : अधीक्षण अभियंता

## अधीक्षण अभियंता डीपी भूआर्य ने पर्रेबानगांव में निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड फरसगांव के ग्राम पर्रेबानगांव में मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के निर्माणाधीन सीसी रोड का अधीक्षण अभियंता डीपी भूआर्य ने औचक निरीक्षण किया। ग्राम पर्रेबानगांव लगभग 41.73 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी से मंसू घर तक 500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य कोंडागांव के ठेकेदार रविंद्र सिंह ढिल्लन के द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने सहायक अभियंता, उप अभियंता और ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य को ग्राम गौरवपथ योजना के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य नहीं करने के कारण कढी फटकार लगाते हुए कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता बलराम सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे और उन्होंने ग्राम गौरवपथ योजना के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य कराने एवं भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया। साथ ही कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने और सम्बंधित सब इंजीनियर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही। मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के तहत बनने वाली यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।



**अधीक्षण अभियंता ने जांची गुणवत्ता**

निरीक्षण के लिए कांकेर मंडल से पहुंचे अधीक्षण अभियंता डी.पी. भूआर्य ने निर्माण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता तथा प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं ग्राम गौरवपथ के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य सम्पादन करने के निर्देश दिये।

## पीएम/सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर रखी अपनी मांग

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया दो दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ छत्तीसगढ़ से संबद्ध समस्त यूनियनों के आह्वान पर फरसगांव मुख्यालय के जनपद स्कूल मैदान में फरसगांव क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने समस्त कार्य बंद कर सामूहिक अवकाश लेकर गुरूवार और शुक्रवार को दो दिवशीय धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार और मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम फरसगांव एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की गई कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान जल्द से जल्द किया जाए।

■ सरकार को चेतावनी, मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा उग्र



**ये हैं प्रमुख मांगें :**

1. शासकीय कर्मचारी का दर्जा – जिस प्रकार शिक्षक कर्मी, पंचायत कर्मी को नीति बनाकर नियमित किया गया, उसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए।
2. न्यूनतम वेतन एवं सुविधाएं – शासकीय कर्मचारी घोषित होने तक न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर सभी सुविधाएं तत्काल लागू की जाएं तथा प्रतिवर्ष 1000 मानदेय वृद्धि की नीति लागू की जाए।
3. सामाजिक सुरक्षा – बुढ़ापे में सामाजिक सुरक्षा के लिए मासिक पेंशन, बीमा, सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु पर एकमुश्त राशि (ग्रेच्युटी) का लाभ दिया जाए।
4. डिजिटल कार्य सुविधा – ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या के बावजूद मोबाइल से कार्य कराया जा रहा है, लेकिन रिचार्ज के लिए राशि नहीं दी जाती, इसके लिए अलग से सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
5. अन्य विभागीय कार्यों का भार – आंगनबाड़ी कार्य के अलावा तेंदूपत्ता संग्रह, बीएलओ जैसे अन्य विभागीय कार्यों में भी लगाया जाता है, जिसे समाप्त किया जाए या अलग से मानदेय दिया जाए।

# जुए के आयोजनकर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते हुए बुधवार की रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम अमोड़ीपारा मेला में खुड़खुड़िया नामक जुआ खेला रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम घासुराम नेताम पिता दुकारू राम नेताम उम्र 45 वर्ष निवासी राधना नयापारा का होना बताये जिनके कब्जे से व फड़ से जुमला नगदी रकम 510 रूपये, 06 नग गोटा जिसमें हुकुम, पान, चिड़ी, इट्टा, मुण्डी, जंड़ी, छपा हुआ, एक परदा जिसमें हुकुम, पान, चिड़ी, इट्टा, जंड़ी मुण्डी छपा हुआ, एक नग बांस का टोकनी पाये जाने से मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 की धारा 03 के अन्तर्गत पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास राय, सउनि सुरेन्द्र बघेल, आरक्षक अर्जुन बघेल, हरीराम नेताम, म.आर. लक्ष्मी मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

■ आरोपी के कब्जे जुआ खेलाने का सामान सहित नगदी 510 रूपये बरामद

## होली व फरसगांव मेला को लेकर शांति समिति की बैठक



**फरसगांव।** आगामी त्यौहार होली व 9 मार्च से प्रारंभ होने वाले वार्षिक फरसगांव मेला के मद्देनजर जनपद पंचायत फरसगांव के सभाकक्ष में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित नगर के गणमान्य नागरिक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं डी.जे. संचालक उपस्थित रहे। यह बैठक पंकज चंद्रा (पुलिस अधीक्षक, कोण्डागांव) के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय एवं एसडीएम अश्वन पुसाम द्वारा किया गया। बैठक में वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डी.जे. संचालकों को उच्च न्यायालय की गाइडलाइन का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही सभी ग्रामीणों एवं नागरिकों से होली का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया गया। 9 मार्च 2026 से प्रारंभ होने वाले वार्षिक फरसगांव मेला के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर व्यापारियों एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, ध्वनि नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में फरसगांव तहसीलदार जय कुमार नाग, नायाब तहसीलदार निधि नेताम व नपं सीएमओ मयंक बसतंवानी सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और अनुशासन के साथ त्यौहार मनाकर क्षेत्र की परंपरा एवं संस्कृति को बनाए रखें।

## बिहान योजना से सशक्त हुईं महिलाएं, बना रहीं हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत आलोर स्थित झांति वन में शीतला स्व सहायता समूह की महिलाएं 'बिहान' योजना के तहत हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही हैं। यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल उत्पाद को बाजार तक पहुंचा रही है। ग्राम पंचायत आलोर के शीतला स्व सहायता समूह द्वारा प्राकृतिक एवं हानिरहित सामग्री से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। समूह की महिलाएं स्वयं गुलाल निर्माण से लेकर पैकेजिंग तक का कार्य कर रही हैं। समूह की सदस्यों द्वारा इस वर्ष 5 क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार कर आकर्षक पैकेजिंग के साथ बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। उत्पाद की उच्च गुणवत्ता के कारण बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। पूर्व वर्ष भी शीतला समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की बाजार में अच्छी मांग रही। ग्राहकों के बीच इसके प्रति आकर्षण बढ़ा है, जिससे समूह की आय में वृद्धि हुई है।

■ फरसगांव के आलोर गांव में स्व सहायता समूह का अभिनव प्रयास



**आय का मजबूत साधन बन रहा उत्पाद**

उच्च गुणवत्ता एवं हानिरहित होने के कारण यह हर्बल गुलाल महिलाओं के लिए आय का सशक्त माध्यम बन रहा है। 'बिहान' योजना के माध्यम से समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं।

## साप्ताहिक बाजार में लगा 'चलित थाना' पुलिस ने दिया जागरुकता का संदेश



**धनोरा।** पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चंद्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षणना प्रभारी धनोरा भुनेश्वर नाग के नेतृत्व में पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित रहे इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत फूंडेर के साप्ताहिक बाजार में 27 फरवरी को चलित थाना लगाया गया। जहां पर जनता को साइबर अपराध से बचने के तरीके, किसी प्रकार का ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 पर डायल करने बताया गया, एवं नशा मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने हेतु नशा पान का त्याग करने, नशा से होने वाले अपराध एवं नुकसान के बारे में बताया गया।दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करने एवं हेलमेट नहीं पहनकर चलने से होने वाले एक्सीडेंट से नुकसान के बारे में बताया गया गांव के लोगों द्वारा पुलिस के चलित थाना को सराहनीय पहल माना है एवं किसी प्रकार का गांव में कोई घटना दुर्घटना होने पर थाना में सूचित करना बताया गया है चलित थाना कार्यक्रम में निरीक्षक भुनेश्वर नाग, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन जैन आरक्षक बन्नू शोरी,जागेश्वर दीवान, बसमन नेताम एवं गांव के उप सरपंच फूल सिंह नाग और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## राहटीपारा के जंगलों में लगाई जा रही महुआ है बीनने के लिए आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/ केशकाल

कोंडागांव जिले के केशकाल अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्रामीण क्षेत्रें में इन दिनों महुआ बिनने के लिए जंगलों में आग लगाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। गर्मी शुरू होते ही ग्रामीणों द्वारा सुबह और शाम जंगलों में आग लगाने का सिलसिला तेज हो गया है। राहटीपारा के जंगलों में आग धधकते हुए देखी गई। आसपास के क्षेत्र में चारों ओर धुआं फैल गया, जिससे वातावरण प्रदूषित हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अब तक वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जंगलों में लगाई जा रही आग से आसपास रह रहे ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजनों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।



**वन संरक्षण के दावों पर सवाल**

जंगलों को आग से बचाइए' जैसे संदेश अक्सर सुनने को मिलते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर नजर नहीं आ रहा है। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो वन संपदा को भारी नुकसान हो सकता है। यदि रोकथाम के उपाय नहीं किए गए तो हरवेल, बालेंगा, पातरीपारा, पीढ़ापाल, बड़बत्तर, जोड़ेकेरा, तितरखंड, गम्हरी, पिटिसपाल, किबड़ा, धामनपुरी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रें के जंगलों में भी आग का असर देखने को मिल सकता है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग**

स्थानीय लोगों ने वन विभाग से अपील की है कि समय रहते प्रभावी कदम उठाकर जंगलों को आग से बचाया जाए, ताकि पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## 13.14 करोड़ से एयरपोर्ट में बनेगा आइसोलेशन वे




**जगदलपुर।** एयरपोर्ट पर अब सुरक्षा की दृष्टि से और भी पुख्ता इंतजाम होंगे, एयरपोर्ट पर पहली बार आइसोलेशन वे बनेगा। साथ ही एक विमान की पार्किंग हो सकती है, विशेष परिस्थिति में सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सकेगी। एयरपोर्ट पर सुरक्षा चाक-चौबंद करने के साथ व्यवस्थाएं आधुनिक करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग की ओर से एयरपोर्ट आथोरिटी स्वीकृति से शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आइसोलेशन वे बनेगा। आइसोलेसन पार्किंग वे के निर्माण से सुविधा होगी। इससे संदेहास्पद विमानों को सामान्य पार्किंग से दूर खड़ी कर उनकी जांच पड़ताल करना आसान हो जायेगा और विस्फोट की स्थिति में भी आसपास विमानों के खड़े नहीं होने से दूसरे विमानों के यात्रियों के चोटिल होने की आशंका नहीं रहेगी। लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर क्रमांक एक के कार्यपालन अभियंता आरके बतरा ने बताया कि आइसोलेशन वे के लिए शीघ्र ही टेंडर के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

## पेज 11 के शेष

### गबन मामले में ....

दौरान कुल 3,23,760 रुपये की शासकीय राशि का गबन किया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने आरोपी को सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीणों के अधिकारों का हनन करने तथा शासकीय राशि के दुरुपयोग में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### धुड़मारास विश्व ...

लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आज यहाँ का हर निवासी अपने पर्यावरण के प्रति न केवल जागरूक है, बल्कि उसके संरक्षण के लिए भी समर्पित है। यह बदलाव केवल वैचारिक ही नहीं बल्कि आर्थिक भी है। पहले जहाँ जीवन यापन के लिए ग्रामीणों को पलायन करना पड़ता था, वहीं अब पर्यटकों के आने से उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आया है। इसका सीधा उदाहरण गाँव की बदलती जीवन शैली में दिखता है, जहाँ कभी ग्रामीणों के पास साइकिल तक नहीं थी, आज उनके पास अपनी मोटर साइकिलें मौजूद हैं। धुड़मारास की इस सफलता को देखते हुए अब अन्य गाँवों के लोग भी यहाँ सीखने के उद्धेश्य से आ रहे हैं।

भविष्य की रूपरेखा तय करते हुए सुश्री किर्सी ने पुनः वनीकरण पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अब यहाँ पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी रख सकते हैं और गाँव में आ रहे सकारात्मक बदलावों का दस्तावेजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि धुड़मारास का विकास पूरी तरह से यहाँ के निवासियों के हाथों में है, इसलिए योजना निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की जिम्मेदारी ग्रामीणों को ही तय करनी होगी। उन्होंने सलाह दी कि योजनाएँ ऐसी हों जो धरातल पर उतर सकें और जिनसे धुड़मारास की वास्तविक छवि ही दुनिया के सामने आए। यहाँ की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं की कहानियाँ तैयार कर लोगों से साझा की जानी चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यहाँ की जानकारी यहीं के लोग पर्यटकों को दें।

ग्रामीणों के सामूहिक संकल्प पर निर्भर है सफलता : अंत में उन्होंने एक महत्वपूर्ण मंत्र देते हुए कहा कि जैसे एक वृक्ष अपनी जड़ों से बढ़ता है, वैसे ही ग्रामीण धुड़मारास की जड़ हैं। ग्रिंगो ट्रेल फिल्म के ट्रेलर और वैश्विक अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने ग्लोबल नेटवर्क का उपयोग पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे पर्यटकों की आवश्यकता है जो इस स्थान और यहाँ के लोगों की तरह इस मिट्टी का सम्मान करें। धुड़मारास की मौलिकता को बनाए रखते हुए इसे विश्व का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम बनाना अब ग्रामीणों के सामूहिक संकल्प पर निर्भर है।

ये रहे उपस्थि: इस अवसर पर संचालक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान नवीन कुमार के साथ ही बलौदाबाजार के वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की प्रतिनिधि सुश्री मंजिरी कमलापुरकर, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रतिनिधि सुश्री शुभदा चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वक्फ बोर्ड विवाद ....

आदेश जारी किया ही नही है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को पद से हटाया जाए।

अध्यक्ष उलजुलूल बयानबाजी कर रहे: दास- रोजवीन दास ने बताया कि यदि छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज नैतिकता के आधार पर स्वयं पद नहीं छोड़ते हैं तो सरकार को निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समाज के सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज आये दिन उलजुलूल बयानबाजी कर रहे है। उन्ही के चलते अंजुमन इस्लामियां कमेटी जगदलपुर का चुनाव वर्षों से नहीं हो रहा है। प्रेसवार्ता में निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, मोइन अख्तर, शहनाज बेगम, अंजना नाग सहित अन्य मौजूद थे।

## अंतरिक्ष विज्ञान से रूबरू होंगे कोंडागांव के होनहार छात्र

# मेधावी विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए आंध्रप्रदेश रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में कोंडागांव जिले के पीएमश्री विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट के लिए आंध्रप्रदेश रवाना किया गया। पीएमश्री विद्यालयों के हायर सेकेंडरी स्तर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की 16 सदस्यीय टीम को आज कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई तथा जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। यह दल भद्राचलम, विजयवाड़ा एवं सुलूरपेटा मार्ग से होते हुए सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेगा। यहां विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेट प्रक्षेपण प्रणाली एवं उपग्रह तकनीक की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होगी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुलिकट झील क्षेत्र स्थित पक्षी अभयारण्य एवं समुद्र तट का भी भ्रमण कराया जाएगा, जिससे उन्हें पर्यावरणीय एवं प्राकृतिक अध्ययन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।



**वैज्ञानिक सोच और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन**

*जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा व्यापक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व पीएमश्री नोडल अधिकारी टुकेश शांडिल्य एपीसी एवं श्रीनिवास नायडू एपीसी द्वारा किया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### स्वर धारा मानस परिवार को मिला दूसरा स्थान



**गीदम।** एकल अभियान द्वारा रायपुर में आयोजित सत्संग प्रतियोगिता में स्वर धारा मानस परिवार पेंटा जिला दंतेवाड़ा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। स्वर धारा मानस परिवार पेंटा ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी गायन और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्वर धारा मानस परिवार पेंटा के सदस्यों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई और उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### चार जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें लागू

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार गाइडलाइन दरों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं। उक्त निर्देशों के अनुरूप दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समग्र परीक्षण के पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें उपरोक्त चारों जिलों में 27 फरवरी 2026 से प्रभावशील हो गई।

### मॉकड्रिल सत्र में 165 विद्यार्थियों ने की सहभागिता



**लोहण्डीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में तीसरी बटालियन नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स, मुंडाली कटक द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता एवं मॉक ड्रिल सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 165 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन कमांडर आनंद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। टीम ने विद्यार्थियों को बाढ़, अग्निकांड, सड़क दुर्घटना, भूकंप जैसी विभिन्न आपात परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा एवं बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को आपदा के समय संयम, सतर्कता और त्वरित निर्णय लेने की महत्ता समझाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे, सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# महिलाओं का उद्यमिता में बढ़ता रूझान, स्टार्टअप में बना रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



बस्तर जैसे वन संपन्न क्षेत्र में महिलाओं की उद्यमिता अब नई दिशा ले रही है। इस क्रम में गीदम विकासखंड के अंतर्गत महिलाओं ने उद्यमिता विकास प्रशिक्षण से प्रेरित होकर शुरू हुए स्वरोजगार के नवाचार प्रारंभ किए है। इस क्रम में महिला उद्यमी रेणु पोटाम ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम से प्रेरित होकर अपनी टीम महिला सहायता समूह के साथ मिलकर पत्तल एवं दोना निर्माण का व्यवसाय शुरू करने का संकल्प लिया है। यह पहल न केवल स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी सराहनीय प्रयास साबित हुआ है। सुश्री रेणु पोटाम ने इस संबंध में बताया कि उन्होंने हाल ही में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को उन्नत और प्रोत्साहित करने की योजना के अंतर्गत आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस योजना में छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में यह प्रशिक्षण चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, उद्योग विभाग दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वरोजगार के अवसर, व्यवसाय प्रबंधन, बाजार विश्लेषण, लागत निर्धारण, ब्रांड निर्माण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रशिक्षण से प्रेरित होकर रेणु पोटाम ने स्थानीय वन उपज से प्राप्त साल एवं अन्य पत्तों से पर्यावरण अनुकूल पत्तल और दोना निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया। वे आगे बताती है कि बस्तर क्षेत्र में वन संपदा की प्रचुरता के कारण कच्चे माल की उपलब्धता सहज है।

पत्तों से बने ये उत्पाद प्लास्टिक के बेहतर विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उनका उद्देश्य इन उत्पादों को स्थानीय बाजार के साथ-साथ पारिस्थितिकी पर्यटन और पारिस्थितिकी खाद्य पर्यटन से जोड़ना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

## समन्वय से विकास की दिशा में बड़ा कदम

# परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक में ऋण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रमुख बैंक एवं संबंधित शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की

- **डिजिटल सुरक्षा व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

प्रगति, वित्तीय समावेशन की स्थिति तथा जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावशीलता एवं जागरूकता अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा क्षेत्र के अनुरूप बैंक शाखाओं के संचालन, बैंक क्रेडिट लिंकेज समूहों द्वारा खोले गए खातों तथा समूह बीमा योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने पर भी बल दिया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी बैंक शाखाएं ऋण प्रकरणों का समयबद्ध स्वीकृति एवं निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से व्यक्तिगत एवं सूक्ष्म उद्यमियों के प्रकरणों का त्वरित वितरण करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के स्वीकृत प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। साथ ही मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अधिकाधिक प्रकरण बैंक शाखाओं में भेजने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों, स्वरोजगारकर्ताओं एवं छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता मिल सके। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निपटान के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने बीसी स्टाफ को सुशासन एक्सप्रेस के अंतर्गत प्रत्येक नियद नेल्लानार शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रखें, ताकि अधिक से अधिक बचत खाते खोले जा सकें। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार क्षेत्र में प्रत्येक परिवार का कम से कम एक बैंक खाता होना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके। इसके अतिरिक्त जिले की सभी बैंक शाखाओं को बीसी बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय, सतत निगरानी एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है और सभी विभागों एवं बैंकों को मिलकर कार्य करना होगा।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नम्रता चौबे, आरबीआई के एलडीओ सदानंदा बास्के, एलडीएम अमित कुमार एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार प्रोत्साहन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# शिक्षकों व पालकों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय शिक्षकों, प्रधान पाठकों एवं दिव्यांग छात्रों का पालकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण भवन जगदलपुर जिला-बस्तर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के साथ किया गया। इस प्रशिक्षण में 7 विकासखण्डों से जिसमें 55 प्रारंभिक स्तर के शिक्षक 55, उच्च प्राथमिक स्तर के 55, कुल 165 दिव्यांग छात्र व उनके पालकों बीआरपी व अटेन्डर कुल 180 लोगों ने सहभाग लिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने समावेशी शिक्षा दिव्यांगछात्रों के अधिकारों, संवेदनशील बनाना, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों, आईसीटी का उपयोग, क्षमता निर्माण करना, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी दी गई एवं 21 प्रकार की दिव्यांगता से परिचय कराया गया। दिव्यांग छात्रों की कक्षा में उपस्थिति पर चर्चा की गई तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अवधारणा से अवगत कराया गया। इसके साथ दिव्यांग प्रमाण-पत्र व शासन की एवं समग्र शिक्षा की योजना पर जानकारी प्रदान की गई। अंतिम चरण में शिक्षकों व अभिभावकों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कलेक्टर, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी का सहयोग व जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे समावेशी शिक्षा प्रभारी राजेश त्यागी, डॉ. मतिउर रहमान, फिजियोथेरेपिस्ट बीआरपी सुरेश गुप्ता, चन्द्रशेखर नायडू, तेजमणी दास, अचिंत्य दास, वंदना जैन, रोहित जाधव व स्पेशल एजुकेटर सचिन कुर्रे का सराहनीय सहयोग रहा।

# बीज मंडई में 500 से अधिक किसानों की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




जिले के ग्राम झोड़ियाबाड़म स्थित रीपा केंद्र मे पारंपरिक बीज मंडई का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूमगादी एवं निर्माण संस्था के मिरेकल मिलेट कार्यक्रम तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के चारों विकास खंडों के 100 से अधिक गांवों से आए लगभग 500 से अधिक जैविक किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

बीज मंडई में पारंपरिक अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, कोदो, कोसरा, कंद-मूल एवं अन्य स्थानीय फसलों के बीजों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। जैविक जिला के रूप में पहचान बना चुके दंतेवाड़ा में किसानों ने जैविक आदान सामग्री, बीज संरक्षण एवं रखरखाव की पारंपरिक तकनीकों के संबंध में भी अन्य कृषकों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने पारंपरिक बीजों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और जैविक खेती को अपनाकर धरती को विषमुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, भूमगादी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश बढ़ावे सहित निर्माण संस्था एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और किसानों को पारंपरिक खेती पद्धतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों ने कोसरा चावल से बने पारंपरिक जैविक व्यंजन "मांद्राभात" का स्वाद लिया तथा इसके पोषण महत्व की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर टेकनार की किसान तुलसी बाई नाग को जैविक श्री विधि से धान उत्पादन में जिले में सर्वाधिक 56 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादकता प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही अन्य उन्नत जैविक कृषकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जैविक किसान एवं जैविक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन के अंत में किसानों ने जंगल एवं खेतों में आगजनी की घटनाओं को रोकने और जैविक खेती को निरंतर बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कलेक्टर ने शॉल श्रीफल व पेंशन प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान



**बीजापुर।** जिले के शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कलेक्टर संबित मिश्रा ने शॉल, श्रीफल एवं पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में शिक्षा विभाग से बुधराम कुड़ियम प्रधान पाठक एवं मज्जी दामोदर प्रधान पाठक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अन्थ्रेस खलखो हैंडपंप तकनीशियन तथा कावटी शंकर भृत्य शामिल रहे। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि इन कर्मचारियों ने लंबे समय तक निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ शासकीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और कार्यशैली आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन सहित जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने एबीईओ ने शालाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर शालाओं के निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। अंचल की शाला, संकुल करला कोंटा के अंतर्गत प्राथमिक शाला देउरगांव माध्यमिक शाला करला कोंटा प्राथमिक शाला करला कोंटा, प्राथमिक शाला छेन्डीपारा व प्राथमिक, माध्यमिक आश्रम शाला देउरगांव, संकुल बड़ेचकवा के अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक पराली सहित हाइस्कूल व हायरसेकंडरी बड़ेचकवा का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली गई । वही माध्यमिक शाला के बच्चों से महापुरुषों के नाम ,पहाड़ा व अंग्रेजी में सप्ताह के नाम के बारे में पूछा गया। कुछ बच्चों ने ही हाजिर जवाब दिया लेकिन अधिकांश बच्चे कमजोर पाए गए । स्थिति सुधारने प्रभारी को समझाइस दी गई ।

संकुल पराली की प्राथमिक व माध्यमिक शाला का गहन अवलोकन किया गया। वही प्राथमिक शाला ओनडार मुंडी की 5वी का छात्र ने धाराप्रवाह 17 तक का पहाड़ा सुनाया जिससे अधिकारी द्वारा प्रभावित होकर काफी प्रशंशा कर परितोशीत किया गया। वही संकुल बड़ेचकवा के माध्यमिक शाला में 6वी 7वी व 8वी के बच्चों से सतत सम्पर्क कर बच्चों के गुणवत्ता के स्तर का आकलन किया स्तर आशा के अनुरूप पाया गया। यहां पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान सन्तोषप्रद पाया गया। सामान्य ज्ञान सही सही पाया गया। यहां प्रभारी सहित संकुल समन्वयक के कार्यो की सराहना अधिकारी द्वारा की गई। फिर अधिकारी द्वारा हाई व हायर सैकंडरी बड़ेचकवा पहुचकर 9वी व 10वी के बच्चों से रूबरू होकर विज्ञान व गणित विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए जिस पर अधिकांश बच्चों ने जवाब सही दिया कुछ बच्चे कमजोर पाए गए। वही प्रयोगशाला कक्षा का भी अवलोकन किया गया। यहां एमबीयू शिविर में अपडेशन का कार्य प्रगति पर पाया गया।

हाइस्कूल में एक्टिविटी के माध्यम से पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया। अपने भ्रमण के दौरान सभी शालाओ में अध्यापकों की डेली डायरी व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही चखना पंजी व बारह खड़ी व पहाड़ा के चार्ट की भी जांच किया गया।

डेली डायरी संधारित की जा रही है, थोड़ी बहुत जो कमियां पाई गई, उसे सुधारने हेतु मेरे द्वारा समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनका सतत निरीक्षण नियमित जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपस्थित संकुल समन्वयको की भी डेली डायरी का अवलोकन किया गया।

# एनएसएस स्वयं सेवक का हुआ बस्तर पुलिस में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



राष्ट्रीय सेवा योजना शाऊमा विद्यालय छिंदबहार के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने बताया कि धन साय कश्यप जो सत्र 2022 में ए प्रमाण पत्र परीक्षा पास किया था। वह एन एस एस इकाई का उप महादल नायक भी रहा वो राष्ट्रीय सेवा योजना की हर गतिविधि में सक्रियता से शामिल रहा। उसने मुलाकात के दौरान बताया कि मैं वर्ष 2025 की पुलिस भर्ती में चयनित हुआ हूं। ये पल गौरवान्वित करने वाला था। उन्होंने कहा कि आपका मार्गदर्शन और सहयोग से संभव हुआ है। एन एस एस में जुड़ने से ही मेरे अंदर व्यक्तित्व विकास हुआ। देश सेवा की भावना जागृत हुआ और मैने अपने काबिलियत को जाना । सात दिवसीय शिविर से मैं अनुशासित हुआ और समय प्रबंधन सिखा। बौद्धिक परिचर्चा में अतिथियों के वक्तव्यों ने मुझे लक्ष्य तय करने और उसकी प्राप्ति हेतु लगातार मेहनत करने और मुझे कभी हार न मानने का सीख मिला।

धन साय कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी सर जी के मोटीवेशन से मैं प्रेरित हुआ। भर्ती प्रक्रिया के दौरान मार्गदर्शन और जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए। मैं सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि एन एस एस से जरूर जुड़ें नियमित गतिविधि और बैठकों में अपना समय दें। सभी निर्देशों का पालन करें और ए प्रमाण पत्र जरूर प्राप्त करें जो आपको बोनस अंक प्राप्त करने में सहयोग करेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना हमेशा अपने उद्देश्य और लक्ष्यों को पूरा करते हुए। स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास करने में सहायक है।

## देशी चिकन की जगह सर्वे टीम को बॉयलर चिकन परोसा गया, फिर फोन पर अधिकारी ने की बदतमीजी

# नाराज शिक्षकों ने आंदोलन दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रशासनिक रौब रुतबा इतना कि दंतेवाड़ा में पदस्थ सहायक भू लेख अधिकारी गोवर्धन साहू ने तेलंगाना एवं अन्य प्रांत के आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के प्रयोजन से निकले दल के साथ भोजन में देशी चिकन की जगह बायरल चिकन परोसने की बात को लेकर फोन पर अभ्रद अमर्यादित भाषा में और नौकरी से बाहर निकलवाने की धमकी देने का आरोप सर्वे दल की टीम ने लिखित में शिक्षक संघ और दंतेवाड़ा कलेक्टर की है. जिसके बाद कलेक्टर ने सहायक भू लेख अधिकारी पर लगे आरोपो के लिये कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है। छग सरकार बस्तर से रोजगार व अन्य कारणों से बाहर प्रान्तों में बसे लोगो के लिये एक सर्वे कार्य करवा रही है। इसी सर्वे कार्य मे दंतेवाड़ा जिले से 12 दल के 38 कर्मचारियों लगाया गया था. जिन्हें तेलंगाना जाकर सर्वे करना था. जिसके लिये प्रत्येक वाहन को 12 हजार रुपये शासन की तरफ से ईंधन व्यय और भोजन खर्च के लिये दिये जाने थे.यही बात बिगड़ी दंतेवाड़ा से निकले दलों को पहले ईंधन खर्च और भोजन व्यवस्था के लिये पैसे नही दिये गये। और जब दिया भी गया तो मात्र 5हजार रुपये दिया गया। इसके बाद कोंटा में दंतेवाड़ा से पहुँचे हुये दल के लिये रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई थी. जिसमें देशी चिकन भी बनना था पर देशी चिकन की जगह बायरल चिकन और पतली दाल परोसने के साथ भारी अव्यवस्था की बात करते हुये शिक्षकों ने इसका विरोध किया तो सहायक भू-लेख अधिकारी ने जमकर एक शिक्षक के साथगाली गलौज कर दी जिसका वीडयो साक्ष्य भी शिक्षकों ने बना लिया।

शिक्षकों ने हटाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। इस बात से आहत शिक्षकों ने सम्बंधित अधिकारी पर वैधानिक और प्रशासनिक कार्यवाही की मांग उठाते हुये हटाने की मांग की है नही तो आन्दोलन कि चेतावनी भी शिक्षक अधिकारी के विरुद्ध करने की बात कह रहे है।

अधिकारी गोवर्धन साहू ने अपनी सफाई में कहा कि कुछ सदस्यों के द्वारा शराब पीकर देशी चिकन और शराब की मांग की गई थी. जो कि शासन के पैसों से खर्च नही किया जा सकता था.अगर मैं अशोभनीय भाषा में कहा है तो वह भवावेश में आकर कह दिया होगा।

# अस्पताल की बदहाल व्यवस्था सुधारने कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कर्मा के निर्देशानुसार जिला सचिव रजत दहिया के नेतृत्व में गीदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां सामने आईं। पिछले 9 महीनों से जांच सेवाएं बंद हैं, एक्स-रे एवं ईसीजी मशीन खराब पड़ी है, नियमित एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं तथा मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में पानी की भी गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हो रही है। जिला सचिव रजत दहिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की ऐसी स्थिति बेहद चिंताजनक है। मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 10 दिनों के भीतर सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने, नियमित एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना सुनिश्चित करने, खराब मशीनों को सुधारने एवं पानी की समस्या दूर करने की मांग की है। यदि 10 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उग्र जनआंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान जनपद सदस्य मड्डा राम वेक, आईटी सेल जिला सचिव, मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, ब्लॉक सचिव अरुण मंसूरे, मंडल अध्यक्ष रोशन पवार, बलदेव सोढ़ी, विवेक यादव एवं विक्की उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री हरदीप का फूंका पुतला



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में महिला कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा एपस्टिन फाइल में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम उजागर होने के विरोध में पुतला दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं प्रांतीय आह्वान पर पूरी उड़ीसा में सम्पन्न अधिवेशन में पारित प्रस्ताव एवं राज्य स्तरीय मांग पुरानी पेंशन योजना लागू करने,दैनिक वेतन भोगी, संविदा, ठेका कर्मियों का नियमितीकरण करने और उन्हें रिक्त पदों पर भर्ती में प्राथमिकता देने, नगरनार स्टील प्लान्ट के निजीकरण का विरोध एवं सहायक शिक्षकों को तृतीय स्तरीय समयमान वेतनमान देने के लिए आदेश जारी करने के साथ साथ अन्य विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, केन्द्रीय श्रम मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

### गोकुल पात्र बने एसडीओ

**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-एक के



अनुविभागीय क्रमांक-एक के गोकुल पात्र ने प्रभार लिया। इसके पूर्व क्रमांक-दो के एसडीओ केसी कश्यप को दिया गया था, पर मुख्यालय से आदेश के बाद पात्र को चार्ज दिया गया।

### जेडी ने 4 जिला शिक्षाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग अंतर्गत कार्यरत शिक्षक एवं प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) की प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) पद पर पदोन्नति प्रक्रिया फिलहाल अधर में लटक गई है। शिक्षक-प्रधान पाठक (प्राशा) स्नातक-प्रशिक्षित (नियमित-एलबी) 'टी' एवं 'ई' संवर्ग के पदों पर पदोन्नति किया जाना प्रस्तावित है,किंतु आवश्यक पात्र सूची प्राप्त नहीं होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। संभागीय स्तर पर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से निर्धारित तिथि की स्थिति में पात्र शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों की जिलेवार सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। तय समय पर सूची प्रस्तुत नहीं होने से पदोन्नति संबंधी कार्यवाही प्रभावित हुई है,जिससे संबंधित शिक्षकों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर, बीजापुर, नारायणपुर एवं कोंडागांव को पात्र सूची प्रेषित नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

# 4 जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण पर जुड़ेंगे 1.70 लाख परिवार, वन विभाग कर रहा तैयारी

## 75 समितियों 119 लॉट व 1711 संग्रहण फड़ में होगा तेंदूपत्ता का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता के संग्रहण से बस्तर संभाग के चार जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले में इस बार लगभग एक लाख 70 हजार से अधिक परिवार जुड़ेंगे। हरा सोना के नाम से ख्यात तेंदूपत्ता का संग्रहण ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के अतिरिक्त आय का स्त्रोत है। इससे संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण से होने वाली आय बढ़ी है। बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण लघु वनोपज के रूप में किया जाता है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को 10 वीं-12 वीं में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने पर 15000-25000 की प्रोत्साहन राशि मिलती है। इस वर्ष बस्तर संभाग में इस वर्ष दो लाख 68 हजार 500 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य रखा है। अगर मौसम अच्छा रहा और तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाता है तो इस साल बस्तर में 4 करोड़ 76 लाख 63 हजार रुपए से ज्यादा का भुगतान होने का अनुमान है। साथ ही इस वर्ष 75 समितियों 119 लॉट व 1711 संग्रहण फड़ में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाएगा।



### कार्यकारी संचालक ने ली थी बैठक

वन विभाग के जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि वृत्त के चारों जिलों में वर्ष 2026 तेंदूपत्ता शासकर्तन की तैयारी की जा रही है, इसके लिए उन्होंने स्थल का भी निरीक्षण किया। साथ ही राज्य लघु वनोपज संघ नवा रायपुर के कार्यकारी संचालक संजीता गुप्ता ने तेंदूपत्ता विभागीय संग्रहण कार्य की समीक्षा बैठक ली। बैठक में फड़ों में फड़ मंशी एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधकों की नियुक्त, वन धन केन्द्रों में किए जा रहे कार्यों, परिवहन, पुरूष संग्राहकों को दी वाली वाली चरण पादुका की चर्चा की।

## लोकतंत्र के संकल्प संग 'विकसित भारत युवा संसद का आगाज

# युवाओं ने सीखे संसद के नियम और नीति-निर्माण की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के अंतर्गत आपात के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर 26 फरवरी को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती

- विचारों से विकास तक युवाशक्ति को मिला राष्ट्रीय मंच की ओर बढ़ने का अवसर






की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से वातावरण राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत हो उठा।

कार्यक्रम में युवाओं को भारतीय संसद की कार्यप्रणाली, नियमों तथा कानून निर्माण की प्रक्रिया को समझने का अवसर प्रदान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक मूल्यों का संरक्षण और पर्यावरण संतुलन जैसे आयामों पर गंभीरता से कार्य करना होगा। युवा प्रतिभागियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी बात पहुंचाने के इस मंच को ऐतिहासिक अवसर बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर वानिकी एवं वन्य जीव अध्ययनशाला शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रोफेसर स्वप्न कुमार कोल, विभागाध्यक्ष मानव विज्ञान एवं जनजाति अध्ययनशाला प्रोफेसर एस मिश्रा, विभागाध्यक्ष कलाशंकर डॉक्टर संजीवन कुमार, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस डॉक्टर सजीवन कुमार, विभागाध्यक्ष शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय डॉक्टर विनोद कुमार सोनी, सह प्राध्यापक अंग्रेजी अध्ययनशाला डॉक्टर समीर ठाकुर, विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुसुकृता तिर्की, जिला संगठक एनएसएस बस्तर जगदलपुर डॉक्टर मौसमी विश्वास, विद्या एवं मूल्यांकन बोर्ड के सदस्य खितेश मौर्य, समाजसेवी यज्ञ सिंह, समाजसेवी अमित रामटेके, समाजसेवी पेरश ताटी सहित प्राध्यापकगण,छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### इनकी रही सहभागिता

कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव का संदेश पढ़कर सुनाया गया, जिसमें युवाओं को संसद की कार्यप्रणाली समझने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस द्वारा दिया गया। विभिन्न वक्ताओं ने विकसित भारत की अवधारणा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नीति निर्माण की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों में आकृति शुक्ला, सुनीता बघेल, दिलेश्वरी कश्यप, निखिल कुमार, खिलेश्वर सलाम, हेमंत बघेल, शाहिल कश्यप, कोमल पैकरा, निर्मला नाग, मिथिलेश यादव, मेगु मुचाकी, भुवनेश्वर कश्यप, गादे शैलेष, वर्षा बेसरा, हरीश कुमार सहित अनेक छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 27 फरवरी को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव रहे। छात्राओं ने तिलक,

- दंतेश्वरी पीजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव, कुलपति हुए शामिल

अक्षत एवं स्वागत गीत के साथ उनका अभिनंदन किया। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से समारोह का शुभारंभ हुआ। आस्था झा की सरस्वती वंदना एवं नेहा कश्यप एंड ग्रुप द्वारा राजकीय गीत की प्रस्तुति ने वातावरण को सांस्कृतिक ऊंचाई प्रदान की।

प्राचार्य डॉ रंजना नाथ ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्रावास निर्माण एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विस्तार की आवश्यकता रखी। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुविषयक एवं समग्र शिक्षा पर जोर देते हुए एसटीएम विषयों को अन्य विषयों के साथ समन्वित रूप से पढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने 100 सीटों के छात्रावास प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

समारोह में विभिन्न विषयों की प्रावीण्य छात्राओं को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। रेड रिबन,राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक सत्र में अर्धशास्त्रीय, संबलपुरी नृत्य और फैशन वॉक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

## पीएम श्री स्कूल करपावंड में बीईओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपावंड में खंड शिक्षा अधिकारी बकावंड चंद्रशेखर यादव, खंड स्त्रोत समन्वयक सोनसिंह बघेल, प्राचार्य डीके कश्यप द्वारा हिंदी अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टाफ का बैठक लिया गया। दोनों माध्यम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया एकि शासन के सभी योजनाओं को समय सीमा पर पूरा करना है। सभी को मिलकर कार्य करना है। अपार आईडी ए आधार कार्ड अपडेट, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र , छात्रवृत्ति का लाभ सभी छात्रों को मिलना चाहिए। कक्षा शिक्षक चिन्हांकित करें। जिन छात्रों का आवश्यक दस्तावेज नहीं है। उसे पर हमें कार्य करना है। हमें शासन की विभिन्न योजना को करने के लिए विभाग से जो निर्देश मिलेगा। उस पर कार्य करना है। इस संस्था में स्टाफ की कोई कमी नहीं है । कोर्स समय पर पूरा करें। पीएम श्री स्कूल होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस योजना को ऊंचे स्तर पर ले जाना है। स्कूल प्रांगण की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना है । आप सभी प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक से बेहतर शिक्षक है। आपकी योग्यता में किसी भी प्रकार की संदेह नहीं है। ग्राउंड में उसे साकार कर दिखाना है। शिक्षक छात्रों के भविष्य निर्माता होते हैं। किसी बच्चे का भविष्य निखर जाता है, तो संस्था के साथ-साथ शिक्षक का भी नाम होता है। छात्र शिक्षक की पढ़ाई का मूल्यांकन करते हैं। सभी मिलकर इस कार्य को अमलीजामा पहनाएं। पीएम श्री के कोई भी कर्मचारी अलग नहीं है सभी शिक्षक पीएम श्री के कर्मचारी हैं। बेहतर कार्य करने की जिम्मेदारी सबके ऊपर है। इस स्कूल को ब्लॉक में टॉपर बनना है । इसके लिए सभी को मेहनत करने की आवश्यकता है।

## देवी भागवत महापुराण का हुआ समापन...




**जगदलपुर।** मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में आयोजित 10 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का शुक्रवार को समापन हो गया। भक्तों द्वारा मां सिद्धिदात्री की नवम पालकी निकाली गई। इसके पहले गुरुवार देर शाम जहां किन्नर समाज द्वारा मां की आठवीं पालकी निकाली गई थी, वहीं जमकर फूलों की होली खेली गई। शुक्रवार को हवन यज्ञ के बाद भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्ति प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'आमचो बस्तर विज्ञान महोत्सव' की गूंज आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा सीकास्ट के सहयोग से आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन समारोह 28 फरवरी को होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय के सभागार में संपन्न होगा। समारोह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीकास्ट) के महानिदेशक प्रशांत कवीश्वर निदेशक डॉ थल्लाडा भास्कर तथा विज्ञान भारती पश्चिम व मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री विवस्वान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव करेंगे।

# महापौर ने विकास कार्यों एवं मूलभूत समस्याओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महापौर संजय पांडे ने एमआईसी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ आज शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं मूलभूत समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने भंगाराम चौक पहुंचकर प्रस्तावित पुलिया निर्माण हेतु स्थल परीक्षण किया। यहां नालियों का पानी जमा होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए तकनीकी सुझाव लिए और शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा। यहाँ जेल परिसर में लगे टीले तारों की फेंसिंग के कारण नालियों की सफ़ाई होना संभव नहीं है ,जिसमें नालियों से हटकर बाड़ लगाने के लिए नया कार्य आदेश जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके पश्चात गंगामुंडा तालाब के समीप अज्ञात व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने के बाद वार्डवासियों की शिकायत पर महापौर और टीम मौके पर पहुंचे। वार्डवासियों की उपस्थिति में उन्होंने नगर निगम की टीम को तत्काल अतिक्रमण रोकने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इस संबंध में पूर्व में हुए सीमांकन की कार्रवाई से अवगत होकर निगम की बाउंड्री बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया।

# बोर्ड परीक्षा में नकल का एक भी मामला नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाईस्कूल-हायर सेकेंडरी-शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत 27 फरवरी को आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई और सभी केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था कड़ी रखी गई।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी दैनिक प्रतिवेदन के अनुसार जिले के कुल 91 परीक्षा केंद्रों में जीव विज्ञान (203/803), अर्थशास्त्र (303),पशुपालन दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कुट पालन (430),भारतीय कला का इतिहास (530) तथा विज्ञान के तत्व (631) विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 5,720 विद्यार्थी दर्ज थे,जिनमें से 5,575 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 145 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि पूरे जिले में नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों और उड़नदस्तों की सक्रियता से व्यवस्था अनुशासित रही तथा विद्यार्थियों ने निर्धारित नियमों के तहत परीक्षा दी। विभाग द्वारा आगामी परीक्षाओं के लिए भी इसी प्रकार की सख्ती और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि 27 फरवरी को आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के 91 केंद्रों पर कुल 5,720 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 5,575 ने परीक्षा दी और 145 अनुपस्थित रहे। प्रशासनिक सतर्कता, नियमित निरीक्षण और उड़नदस्ता दलों की सक्रिय निगरानी के चलते जिलेभर में नकल का एक भी मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित हुआ।







